## एक नजर में

### बहनों की सुरक्षा में जुटी पुलिस



**नवभारत खंडवा।** रक्षाबंधन पर्व पर बहनों की सुरक्षा को लेकर खंडवा पुलिस की निर्भया टीम पूरी तरह सक्रिय रही। 'महिला सुरक्षा, हमारा संकल्प – सुरक्षित नारी, सुरक्षित समाज, सुरक्षित खंडवा' के संकल्प के साथ महिला थाना प्रभारी श्रीमती सुनीता भलराय के नेतृत्व में निर्भया टीम ने शहर के सभी मुख्य बाजारों एवं भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में गश्त कर महिला सुरक्षा का संदेश दिया। आज रक्षाबंधन के अवसर पर शहर के सभी मुख्य बाजारों एवं अन्य स्थानों पर काफी अधिक संख्या में महिलाओं की उपस्थिति को दृष्टिगत रखते हुए महिला थाना प्रभारी सुनीता भलराय अपनी महिला थाना पुलिस टीम एवं अन्य महिला कर्मचारियों के साथ लगातार सक्रिय होकर मुख्य बाजार एवं अन्य क्षेत्रों में भ्रमण करती रहीं। इस दौरान टीम द्वारा बाजार में मौजूद महिलाओं से बातचीत कर संवाद किया गया और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर बाजार में मौजूद पुलिस कर्मियों को सूचित करने हेतु समझाइश दी गई। पुलिस की इस पहल से बाजार में खरीदारी करने आई महिलाओं ने खुद को सुरक्षित महसूस किया।

### अमर गीत गाकर दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**खंडवा.** सद्भावना मंच के साथियों ने मुकेश के अमर गीत गाकर दी श्रद्धांजलि –'ज़िंदा हूँ मैं इस तरह से...', 'मेरा जूता है जापानी...', 'ये मेरा दीवानापन है...', 'किसी की मुस्कुराहटों पे हो निसार...', 'इक दिन बिक जाएगा माटी के मोल...', 'मैं पल दो पल का शायर हूं...' और 'दुनिया बनाने वाले क्या तेरे मन में समायी... मुकेश के अमर गीत गूंज रहे थेद्य

इस अवसर पर सद्भावना मंच के संस्थापक प्रमोदजैन, गोपाल भारद्वाज, योगेश गुजराती, योगेश ग़दले, सुनील सोमानी, रजत सोहनी,प्रहलाद राजानी, रामदास सराफ, जी डी सराफ, राजेश खांडे,अशोक जैन, संदीप डोंगरे, अशोक परवानी, लड्डू भाई,नरेन्द दवे, सुभाष मीणा, गीतेजी,ज्योति ठाकुर, स्वेता नरहरी, विजया द्वेदी, नंदिनी शर्मा, सुरेंद्र गीते, अनूप शर्मा,डॉ जगदीश चौरे,देवेंद्र जैन, गणेश भावसार, मनीष गुप्ता,डॉ एम एम कुरैशी,कमल नागपा

### कुपोषित बालिका अब हो गई स्वस्थ

**खंडवा .** जिले के खालवा विकासखंड के वनग्राम मेहलू निवासी श्रीमति बुदिया पति मनोहरी की 4 वर्षीय पुत्री दुर्गा जन्म से ही बहुत कमजोर थी, और खाना नही खाती थी। आगंनवाड़ी कार्यकर्ता की सलाह पर पिछले दिनों 3 अगस्त को दुर्गा को पोषण पुर्नवास केन्द्र रोशनी में भर्ती कराया गया। एनआरसी में चिकित्सक डॉ. संतोष मोरे द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच करने पर दुर्गा का वजन 11 किलो 325 ग्राम तथा उसकी भुजा की माप 12 सेमी पाई गई। जिसके बाद चिकित्सक एवं एनआरसी के स्टॉफ ने दुर्गा का उपचार प्रारंभ किया। दुर्गा को कुल 14 दिन तक भर्ती रखा गया और प्रोटोकॉल अनुसार नियमित रूप से पोषण आहार दिया गया। एनआरसी में भर्ती के 14 दिन होने के बाद 16 अगस्त को जब पुन: दुर्गा का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तब उसके स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार पाया गया। अब दुर्गा का वजन बढ़कर 12 किलो 490 ग्राम तथा भुजा की माप 12.5 सेमी हो गई। पोषण पुनर्वास केंद्र से छुट्टी के समय पोषण प्रषिक्षक ममता श्रीवास द्वारा दुर्गा की माता श्रीमति बुदिया को घर पर ही उपलब्ध खाद्य पदार्थों से पोषण आहार बनाने के तरीके बता दिए गए। दुर्गा अब सामान्य रूप से पोषण आहार ग्रहण कर रही है, साथ ही दैनिक कार्य एवं खेलकूद के माध्यम से अपने विकास को गति दे रही है। दुर्गा के माता पिता ने रोषनी के पोषण पुनर्वास केन्द्र में मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं की प्रषंसा करते हुए यहां के डॉक्टर और स्टॉफ का आभार व्यक्त किया है। उन्होने बताया कि दुर्गा का स्वास्थ्य अब पहले से बेहतर है साथ ही धीरे धीरे उसका वजन भी बढ़ रहा है।

# भाइयों की कलाई पर सजी राखियां

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** भाई-बहन के स्नेह, विश्वास और आत्मीयता का पर्व रक्षाबंधन शहर सहित जिलेभर में हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। शुक्रवार सुबह से ही घर-घर में उत्सव का माहौल रहा। बहनों ने भाइयों की कलाई पर प्रेम और विश्वास का प्रतीक रक्षा सूत्र बांधकर उनकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की, वहीं भाइयों ने भी बहनों की रक्षा और हर सुख-दुख में साथ निभाने का संकल्प दोहराया।

शुभ मुहूर्त रहने के कारण सुबह से ही राखी बांधने का सिलसिला शुरू हो गया था। रक्षाबंधन पर प्रात:काल लोगों ने मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और मंदिर के द्वार पर रक्षा सूत्र बांधे। उन्होंने कहा कि रक्षा सूत्र केवल भाई-बहन का बंधन नहीं, बल्कि धर्म और साधु-संतों की रक्षा का संकल्प भी है। रक्षाबंधन को लेकर बहनें गुरुवार से ही अपने पीहर पहुंचना शुरू हो गई थीं। शुक्रवार को भी बसों, ट्रेनों और निजी वाहनों से बड़ी संख्या में







बहनें भाइयों के घर पहुंचीं। घरों में पूजा की थाली सजाई गई, बहनों ने भाई को तिलक लगाकर आरती उतारी, मिठाई खिलाई और राखी बांधी। भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर अपना स्नेह जताया।

### बच्चों में दिखाई दिया खासा उत्साह

शहरवासियों ने बताया कि रक्षाबंधन को लेकर बच्चों में भी खास उत्साह नजर आया। सात वर्षीय आध्या ने अपने चार वर्षीय भाई श्रीमन की कलाई पर राखी बांधी तो भाई का चेहरा खुशी से खिल उठा। आम दिनों में सुबह उठने में आनाकानी करने वाले बच्चे भी राखी बंधवाने के लिए जल्दी तैयार हो गए।

### बाजारों में दिनभर रही रौनक

रक्षाबंधन के चलते शहर के बाजारों में दिनभर रौनक रही। राखी, मिठाई, नारियल, कपड़े और उपहार की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ नजर आई। शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए पहुंचे। मिठाई और नारियल की दुकानों पर सुबह से ही आवाजाही शुरू हो गई थी। लोगों ने बताया कि इस बार मिठाई, राखी और नारियल की कीमतों में बढ़ोतरी देखने को मिली, इसके बावजूद पर्व की खुशियों पर महंगाई भारी नहीं पड़ी और लोगों ने अपनी क्षमता के अनुसार खरीदारी कर पर्व को उल्लास के साथ मनाया। रक्षाबंधन केवल राखी बांधने का पर्व नहीं, बल्कि भाई-बहन के बीच स्नेह, विश्वास और जिम्मेदारी के रिश्ते को मजबूत करने का अवसर है। यही कारण है कि धर्म और वर्ग की सीमाओं से परे यह पर्व समाज में प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है।

# सूबेदारगंज-लोकमान्य तिलक अमृत भारत ट्रेन का रुकेगी खंडवा में

**खंडवा।** सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के प्रयासों से रक्षाबंधन के दिन खंडवा क्षेत्रवासियों को सूबेदारगंज से लोकमान्य तिलक के बीच अमृत भारत साप्ताहिक ट्रेन की सौगात मिली है। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि इस अवसर पर ट्रेन के खंडवा स्टेशन पर प्रथम आगमन पर खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल और क्षेत्र की जनता की ओर से शहर के जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने ट्रेन के लोको पायलट राम केवल और नीरज पंवार का स्वागत पुष्प माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर किया गया।

रक्षाबंधन पर अपने मायके आयी कल्याण महाराष्ट्र निवासी मनीषा चौधरी और अथर्व चौधरी ने पहला आरक्षण टिकट लेकर यात्रा प्रारंभ की। यात्री मनीषा चौधरी ने नये अमृत भारत ट्रेन के रैक को देखकर उत्साहित हुई खुशी जाहिर करते हुए रेल मंत्री और रेल विभाग की तारीफ कर धन्यवाद दिया। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि ट्रेन के स्वागत के मौके पर हरीश कोटवाले, दिनेश पालीवाल, प्रवक्ता सुनील जैन, रेल समिति




सदस्य मनोज सोनी, गणेश गुरबाणी, तेजेंद्र बॉथम, राजा शर्मा, दिलीप पाटिल,स्टेशन मैनेजर जी एल मीणा, हेल्थ इंस्पेक्टर मनीष शर्मा,एन के शर्मा ,आरपीएफ इंस्पेक्टर कोमल सिंह, जितेंद्र कुमार,यश बागरे सहित अन्य मौजूद थे।

**इस ट्रेन का ठहराव** - फतेहपुर, गोविंदपुरी, भरुआ सुमेरपुर, रागौल, बांदा, चित्रकूटधाम कर्वी, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंगपुर, पिपरिया, इटारसी, खंडवा, भुसावल, नाशिक रोड, कल्याण एवं ठाणे रहेगा।

इसमें 11 सामान्य श्रेणी के कोच, 8 स्लीपर श्रेणी कोच, 1 पैंट्र कार, 2 दिव्यांगजन/लगेज व गार्ड युक्त कोच है।

# नारायण बाहेती को मल्टीपल अवार्ड से किया सम्मानित

**खंडवा।** लायन नारायण बाहेती स्टार ऑफ द डिस्ट्रिक्ट अवार्ड प्राप्त कर 23 वी बार सतत महत्वपूर्ण प्रांतीय अवार्ड प्राप्त करने वाले प्रथम लायन बने। 10 वी बार बहु प्रांतीय मल्टीपल डिस्ट्रिक्ट अवार्ड प्राप्त किया।यह महत्वपूर्ण सम्मान लायन्स कलब्स इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी 1 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन अनिल खण्डेलवाल व केबिनेट द्वारा वर्ष 2025 -26 में किये गए सेवा कार्यो को सम्मानित करने हेतु इंदौर में आयोजित अवार्ड सेरेमनी जोश में प्रदान किये गए।

नारायण बाहेती को यह सम्मान लायन्स इमेज बिल्डिंग ,नेत्रदान देहदान डिस्ट्रिक्ट चेयरमेन के दायित्व में डिस्ट्रिक्ट में किये गए लायन्स इमेज बिल्डिंग,नेत्रदान, देहदान,फ़ूड फार हंगर,स्वास्थ्य सेवाओ,मेडिकल उपकरण बैंक संचालन, शव फ्रीजर बॉक्स सेवा,फेलोशिप,लीडरशीप कार्यशाला आयोजन व प्रशासनिक




कार्यो के सफल संपादन के लिए प्रदान किये गए। बहु प्रांतीय मल्टीपल डिस्ट्रिक्ट अवार्ड से भी सम्मानित किया।श्री बाहेती पूर्व मे 9 बार अंतराष्ट्रीय प्रेसिडेंट सर्टिफिकेट व मेडल, 8 बार बेस्ट लायन ऑफ द रीजन अवार्ड से सम्मानित हो चुके है। 2025 26 का यह सम्मान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अनिल खण्डेलवाल द्वारा इस वर्ष के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जयप्रकाश त्रिपाठी ,वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राम जाट, डॉ राजेन्द्र सोडानी डिस्ट्रिक्ट केबिनेट के संजय डिंगडांग।

## एक नजर में

**ओंकारेश्वर से मोरटक्का और खेड़ीघाट तक नर्मदा घाटों का हो रहा निर्माण**

# सिंहस्थ-2028 के लिए घाट निर्माण पर उठे सवाल

**ओंकारेश्वर.** ओंकारेश्वर में सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के तहत ओंकारेश्वर से मोरटक्का और खेड़ीघाट तक विशाल नर्मदा घाटों का निर्माण कराया जा रहा है। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए हो रहे इस निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर अब सवाल खड़े होने लगे हैं।



किसान कांग्रेस प्रदेश महासचिव गजेंद्र सिंह सोलंकी ने घटिया निर्माण कार्य पर जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की बात कही अन्यथा उग्र आंदोलन किया जाएगा आरोप है कि निर्माणाधीन घाटों पर पानी और कीचड़ के बीच सीमेंट का घटिया माल डालकर काम किया जा रहा है। यह निर्माण कार्य एनवीडीए विभाग की देखरेख में चल रहा है, बावजूद इसके गुणवत्ता को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। घाटों के निर्माण को लेकर कांग्रेस ने गुणवत्ता की जांच की मांग उठाई है, वहीं भाजपा नगर अध्यक्ष संतोष वर्मा ने भी निर्माण कार्य पर नाराजगी जताते हुए विरोध दर्ज कराया है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि अगर ओंकारेश्वर बांध के सभी गेट खोल दिए जाते हैं और नर्मदा का जलस्तर बढ़ता है, तो इन निर्माणाधीन घाटों की स्थिति क्या होगी? ऐसे में करोड़ों रुपये खर्च कर बनाई जा रही श्रद्धालु सुविधाओं की गुणवत्ता पर सवाल उठना लाजिमी है। वहीं निर्माण कार्यों की समीक्षा को लेकर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं। आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी मौके की वास्तविक स्थिति पर ध्यान देने के बजाय औपचारिकता पूरी कर रहे हैं। अब देखना होगा कि सिंहस्थ 2028 जैसे बड़े आयोजन से पहले प्रशासन इन आरोपों को कितनी गंभीरता से लेता है और निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कब कराई जाती है।



## एक नजर में

### बाबा रामदेव का हवन-पूजन और महाप्रसादी कल

**बड़वाह।** इंदौर-इच्छापुर हाइवे स्थित ग्राम पंचायत पढ़ाली के अखिल भारतीय चैतन्य साधक परिवार एवं बाबा रामदेव सेवा संघ समिति पढ़ाली के तत्वाधान में विगत 15 वां वर्षों से दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं की निशुल्क सेवा की जा रही है। विगत एक माह से श्रावण मास में ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग से उज्जैन स्थित महाकाल बाबा के दर्शन हेतु कंधों पर कांवड़ों में नर्मदा जलभर लेकर आने जाने वाले श्रद्धालुओं को समिति के द्वारा पेयजल चायपानी स्नान भोजन रात्रि विश्राम सहित विभिन्न सुविधाएं नि:शुल्क उपलब्ध कराई जा रही थी ।श्रावण के समापन के पश्चात रक्षा बंधन त्यौहार के उपरांत साधक परिवार के द्वारा 29 अगस्त शनिवार को आयोजन स्थल पर भजन संध्या का आयोजन रखा गया है ।जिसमें ग्राम झिगडी कुरावद सेल्दा बलवाड़ा बिलाली हनुमंत्या उमरिया चंदनपुरा सहित 25 गांवों से साधक परिवार के सदस्य कार्यक्रम में शामिल होगे 30 अगस्त रविवार को सुबह बाबा रामदेव का हवन पूजन अर्चन वैद पाठी पंडितों के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के पश्चात महाआरती के उपरांत विशाल महाप्रसादी भोग का आयोजन किया जाएगा क्षेत्र की जनता से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है। अखिल भारतीय चैतन्य साधक परिवार एवं बाबा रामदेव सेवा संघ समिति पढ़ाली के सदस्यों के द्वारा सावन के पवित्र माह में ऐसे धार्मिक नि:शुल्क सेवा से लोगों में आध्यात्मिक भावना मजबूती प्रदान करती है इसके साथ ही आयोजन से आपसी भाईचारा, सामाजिक एकता और सौहार्द को भी बढ़ावा मिलता है ।29 अगस्त शनिवार को भजन संध्या की मन मोहक प्रस्तुति दी जाएगी ।एवं 30 अगस्त रविवार को होने वाले दो दिवसीय आयोजन को लेकर साधक परिवार के सदस्यों में विशेष उत्साह देखा गया ।आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यापक व्यवस्था की जा रही है। अखिल भारतीय चैतन्य साधक परिवार एवं बाबा रामदेव सेवा संघ समिति पढ़ाली के सदस्यों के द्वारा आगामी दिनों में आराध्य देव लोक देवता बाबा रामदेव का भव्य मंदिर निर्माण हेतु शासन से भूमि आवंटित कराने हेतु सदस्यों के द्वारा जनप्रतिनिधियों के सहयोग से मंदिर निर्माण हेतु संकल्प लिया गया।

### सिद्धी विनायक को बांधी विशाल राखी

**खरगोन।** रक्षाबंधन पर्व पर कुंदा तट स्थित अतिप्राचीन श्री सिद्धि विनायक मंदिर में शहर की दो बालिकाओं ने भगवान गणेश को 16 स्कायर फीट की विशाल राखी बांधी और आशीर्वाद लिया। इस खास राखी की सबसे बड़ी खूबसूरती ये है कि इसे बालिका पलक ने करीब 15 दिनों की मेहनत से तैयार किया है। राखी में देश के 12 ज्योतिर्लिंगों के चित्र सजाए गए हैं। पलक ने बताया की भगवान गणेश को यह राखी लोगों की सुरक्षा और खरगोन सहित पूरे प्रदेश और देश में सुख-समृद्धि की कामना के लिए बांधी है। ये राखी सबसे बडी 16 स्कायर फीट की राखी है।

# बहनों ने भाई की कलाई पर बांधी स्नेह की डोर, मना रक्षाबंधन

**खरगोन ।** भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व शुक्रवार को उमंग-उत्साह के साथ मनाया गया। बहनों ने भाइयों की कलाई पर स्नेह की डोर बांधी ।इसके बदले में भाइयों ने बहनों को उपहार देकर रक्षा का संकल्प लिया। रक्षाबंधन के दिन भद्रा नहीं होने से पूरे दिन बहनों ने भाई की कलाई सजाई। पर्व को लेकर बाजार में खासी चहल. पहल रही। सुबह से देर रात तक रक्षाबंधन बांधने का दौर चलता रहा। पहले बहनों ने भाइयों के भाल पर तिलक लगाया, आरती उतारी तब राखी बांधी और मिठाई खिलाई। भाइयों ने भी बहनों को उपहार आदि देकर उनकी रक्षा का वचन दोहराया। रक्षाबंधन को लेकर बाजारों सहित यात्री वाहनों में खासी भीड़ रही। सावन मास पूर्णिमा पर



सावन माह का समापन भी हो गया। पिछले एक माह से भगवान भोलेनाथ की आराधना की जा रही थी। सावन मास की पुर्णिमा पर भाई तुम जियो हजारों साल,मिले कामयाबी तुम्हें हर बार का भाव लिए बहनों ने भाई की कलाई पर राखी बांधी। भाईयों ने भी बहनों की रक्षा के वचन का संकल्प दोहराया। रक्षाबंधन का पर्व समूचे अंचल में स्नेहोत्सव के साथ मनाया गया। कई वर्षों बाद बिना भद्रा के साये में मनाए जा रहे रक्षाबंधन पर मुहुर्त की कोई पाबंदी नही रही। पर्व के चलते आम दिनों की तरह सड़कों पर ज्यादा आवाजाही देखी गई। रक्षाबंधन पर जो भाई बहनों से दूर थे और उनसे मिलने नहीं आ पाए, उन्होंने इंटरनेट मीडिया के माध्यम से पूजा करवाई और बहन को सुख.दुख में साथ रहने का संकल्प लिया। समाजसेवी संस्थाओं के सदस्यों व पर्यावरण प्रेमियों ने पेड़ों में राखी बांधकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। सुबह से ही राखी बांधने का सिलसिला शुरु हो गया। नए वस्त्र धारण कर बहन ने भाई को सबसे पहले अक्षत,रोली से तिलक लगाया। इसके बाद भाई की आरती उतारी गई। इसके बाद भाई की कलाई पर बहनों ने राखी बांधी। बहन की ओर से भाई को मिठाई खिलाई।

# वर्मा दशहरा उत्सव समिति अध्यक्ष मनोनीत



**बड़वाह।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नवदुर्गा उत्सव का आयोजन तारा नगर कालोनी नवदुर्गा एवं दशहरा उत्सव समिति वर्ष 10 वाँ के तत्वाधान में बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसको लेकर समिति की एक बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें सर्वानुमति से ग्राम पंचायत सिरलाय सरपंच राजकुमार वर्मा को समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। समिति ने निर्णय लिया कि इस वर्ष भी दुर्गा पूजा पूरे धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई जाएगी तथा पंडाल को भव्य स्वरूप में सजाया जाएगा। नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजकुमार वर्मा ने कार्यकारिणी की घोषणा उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह राजपूत, कमलेश राय, प्रवीण दुबे कोषाध्यक्ष जुगल वर्मा, श्याम तँवर,राजेश परमार सचिव गोपाल अग्रवाल,ओम जायसवाल सह सचिव -आशीष जायसवाल, राजू बोरासी, शक्ति राणा प्रचार मंत्री दिलिप राजोरे, अमित पँवार परामर्शदाता- योगेश सोनी, कमलेश पाल, संरक्षक- मिश्रीलाल वर्मा किशोर शुक्ला को सौपी गई।

# ब्राह्मण समाज ने किया यज्ञोपवित



**कसरावद।** श्री गौड़ ब्राह्मण समाज द्वारा ब्राह्मण समाज धर्मशाला मे यज्ञोपवीत धारण का कार्यक्रम किया गया ब्राह्मण समाज को समाज के आचार्य ओम प्रकाश शुक्ला द्वारा यगोपावित् धारण कराई गई इस अवसर पर समस्त ब्राह्मण समाज द्वारा मंत्र उच्चारण कर तर्पण कर विधि विधान से यज्ञोपवित् धारण की गई इस अवसर पर शरद सराफ कमलेश जोशी, शंकर सराफ, राजेश रावल, प्रहलाद रावल, बृजेश कुमार व्यास, राजेश व्यास, मनीष व्यास, प्रशांत दुबे, पंकज दुबे, विजय मंडलोई, आचार्य गोलु शुक्ला, अभिषेक रिंकू रावल, दाऊ व्यास, कार्तिक रावल, हर्ष रावल, झबू रावल उपस्थित थे।

## एक नजर

**कल निकलेगा शिवडोला, विशेष प्रक्रिया से तैयार हुआ भांग मिश्रित प्रसाद**

# सिद्धनाथ महादेव को लगेगा व्यंजनों का महाभोग, शिवभक्तों में बंटेगा प्रसाद

**खरगोन।** अधिष्ठाता भगवान श्री सिद्धनाथ महादेव भादौ बदी दूज रविवार, 30 अगस्त को भव्य शिवडोला के रूप में नगर भ्रमण पर निकलेंगे। शिवडोला को लेकर शहर में उत्साह चरम पर है और अब आयोजन में एक दिन शेष रह गया है। शिवडोला मार्ग पर देवाधिदेव महादेव को अनेक प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा। विभिन्न सेवा मंचों के माध्यम से श्रद्धालुओं को प्रसाद एवं शीतल पेयजल वितरित किया जाएगा ।श्री सिद्धनाथ महादेव मंदिर सार्वजनिक श्रावण मास समिति खरगोन के प्रवक्ता प्रकाश भावसार ने बताया कि शनिवार दोपहर तक शिवडोला मार्ग पर करीब 80 सेवा मंचों की प्रविष्ठियां प्राप्त हो चुकी हैं। सेवा मंचों पर विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ, फल, पेय पदार्थ एवं अन्य प्रसाद श्रद्धालुओं को वितरित किए जाएंगे। समिति के सचिव विनित महाजन ने सेवा मंच संचालकों से आग्रह किया है कि वे अपने सेवा मंच शिवडोला मार्ग को बाधित किए बिना निर्धारित स्थान पर ही लगाएं। मंच के आसपास साफ-सफाई बनाए रखें तथा कूड़ा-कचरा नगर पालिका के डस्टबिन में ही डालें। सेवा मंचों पर पुलिस स्टॉपर का उपयोग नहीं किया जाए। श्रद्धालुओं को कतारबद्ध कर व्यवस्थित रूप से प्रसाद वितरण किया जाए तथा व्यवस्था एवं अनुशासन बनाए रखने के लिए निरंतर अनाउंसमेंट किया जाए। शिवडोला मार्ग पर स्वागत मंच लगाने पर पूर्णत: रोक रहेगी। समिति संरक्षक मनोहर भावसार ने बताया कि शिवडोला की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। समिति अध्यक्ष नवनीतलाल भंडारी, उपाध्यक्ष राजेश धारे, राजेश भावसार(टेंट), कोषाध्यक्ष राधा कृष्ण महाजन, श्याम महाजन (केमिस्ट), श्याम महाजन (कालू), सचिव राजेंद्र पटेल, सह सचिव नाना यादव, सदस्य शैलेंद्र भावसार उपस्थित थे।

